दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनाँक (Dated): 04/10/2024	पृष्ठ सं० (Page No). IV	क्रम सं०(Serial No.) 1

सीआइएसएफ की महिला कांस्टेबल ने लुटेरे को दबोचा

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली: अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास बाइक सवार दो बदमाशों को सीआइएसएफ की महिला कांस्टेबल से चेन झपटना भारी पड़ गया। कांस्टेबल ने बहादुरी दिखाते हुए एक बदमाश को बाइक से खींचकर दबोच लिया। उसके पास से अपनी सोने की चेन भी बरामद कर ली। मौका पाकर बदमाश का साथी फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान उत्तर प्रदेश के शामली निवासी कन्हैया के रूप में हुई है। कांस्टेबल सुप्रिया नायक की शिकायत पर मंडावली थाना पुलिस केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। बदमाश से पूछताछ कर पुलिस इसके साथी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

सुप्रिया नायक सीआइएसएफ में कांस्टेबल हैं। वह डीएमआरसी यूनिट में तैनात हैं। वह बुधवार सुबह 07:45 बजे अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास सैर कर रही थीं। तभी पीछे से एक बाइक पर दो बदमाश आए और उनके गले से चेन तोड़ ली। वारदात के बाद बदमाश भागने लगे। बहादुर कांस्टेबल ने साहस दिखाते हुए बाइक पर पीछे बैठे बदमाश को पकड़कर खींच लिया और पटखनी देकर सड़क पर गिरा दिया। कांस्टेबल के आगे बदमाश का दुस्साहस पस्त हो गया। हादसे के बाद कांस्टेबल ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। महिला कांस्टेबल की बहादुरी की सीआइएसएफ ने प्रशंसा की है। कांस्टेबल की शिकायत पर पुलिस दूसरे आरोपित की तलाश कर रही है।

सुबह 07:45 बजे अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास सैर कर रही थीं, दो बदमाशों ने बाइक से चेन झपटने की थी कोशिश

महिला कांस्टेबल से झपटमारी करने वाला बदमाश ● सौजन्य- सीआइएसएफ